**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.12.2019 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3875 का उत्तर**

**स्मार्ट स्टेशन योजना**

**3875. श्री राजेन्द्र धेडिया गावितः**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क)** **क्या सरकार की प्रथम प्राथमिकता रेलवे का आधुनिकीकरण और यात्रियों की सुरक्षा है तथा यदि हां, तो इस संबंध में कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;**

**(ख)** **क्या सरकार ने स्मार्ट स्टेशन योजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु किसी डेवलपर्स या निर्माता कंपनी से कोई बातचीत की है;**

**(ग)** **यदि हां, तो इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है;**

**(घ)** **क्या पर्यटन और व्यापार के मद्देनजर महाराष्ट्र में पालघर रेलवे स्टेशन को स्मार्ट स्टेशन में परिवर्तित करने के लिए चुना गया है; और**

**(ङ)** **यदि हां, तो राज्य में कितने स्टेशनों को स्मार्ट स्टेशनों में परिवर्तित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?**

**उत्तर**

**रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)**

(क): जी हां। अवसंरचना सेवाओं तथा यात्रियों की संरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आधुनिकीकरण के लिए उपाय करने के लिए भारतीय रेल द्‌वारा सतत प्रयास  किया जाता है।

**(ख) और (ग): 'स्मार्ट सिटी' योजना में शामिल शहरों के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के एकीकृत नियोजन के लिए रेल मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय के बीच पारस्परिक सहयोग के लिए इन दो मंत्रालयों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस दिशा में स्टेशन पुनर्विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 30.06.2017 को रेल भूमि विकास प्राधिकरण और राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। गोमतीनगर, चारबाग और पुड्डुचेरी स्टेशनों के लिए ठेके प्रदान कर दिए गए हैं।**

**(घ) जी नहीं।**

**(ड.) प्रश्न नहीं उठता।**

******